हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 150 | देहरादून, बुधवार, 06 दिसंबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



सीएम धामी ने दिलाराम बाजार में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण 3

**37वें राष्ट्रीय खेल गोवा-2023**

# मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखण्ड के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- सीएम ने उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने तथा राष्ट्रीय खेल ध्वज मिलने पर प्रदेशवासियों को दी बधाई
- उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल होंगे अभूतपूर्व एवं गौरवशाली : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 06 दिसंबर । मुख्य पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल ध्वज हस्तांतरण एवं 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा-2023 में उत्तराखंड के पदक विजेता खिलाडियों के सम्मान समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन तथा राष्ट्रीय खेल ध्वज मिलने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। देवभूमि को यह उपलब्धि प्रदान करने के लिए 37वें राष्ट्रीय खेलों के समापन अवसर पर ''राष्ट्रीय खेल ध्वज'' माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या के नेतृत्व में गये प्रतिनिधि मण्डल को सौंपा गया था, जिसे आज राष्ट्रीय खेल सचिवालय, उत्तराखण्ड को सौंपा जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड राज्य में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल अभूतपूर्व एवं गौरवशाली होगें और निश्चित रूप से यह खेल राज्य को खेल भूमि के रूप में पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल संस्कृति का निरन्तर प्रसार हो रहा है, जिसका प्रतिफल आज हम सबके समक्ष है। उत्तराखण्ड राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निरन्तर बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड राज्य के खिलाडियों द्वारा 18 पदक प्राप्त किये गये थे जबकि इस वर्ष 37वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाडियों ने 24 पदक अर्जित किये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में अपना वर्चस्व भी स्थापित करेंगे इसका उन्हें विश्वास है। उन्होंने कहा कि खेल से सद्भावना व आपसी एकता बढ़ती है। खिलाडियों में सिर्फ खेल की भावना होती है। वे जाति, धर्म व सीमा के बंधन से आजाद होते हैं। समाज के लोगों को खिलाडियों से सबक लेने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधान नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज नये भारत, शक्तिशाली भारत, गौरवशाली भारत का निर्माण हो रहा है साथ ही खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। अब हमारे देश में खिलाडियों के सामथ्र्य का सम्मान हो रहा है। किसी देश में खेल का ''इको सिस्टम'' कितना बेहतर है यह ओलंपिक में उस देश के क्वालिफाई करने वाली खिलाडियों की संख्या से पता चलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2012 में लंदन में हुए ओलंपिक के लिए भारत के 83 एथलीट ने क्वालिफाई किया था। लेकिन, मोदी सरकार के रहते हुए दो ओलंपिक रियो डी जेनेरियो 2016 और टोक्यो 2020 ओलंपिक के लिए क्रमशः 117 और 126 खिलाडियों ने क्वालिफाई किया। 9 साल पहले के मुकाबले खेल बजट आज तीन गुणा हो चुका है। इस साल के लिए केंद्र सरकार ने युवा और खेल मंत्रालय को करीब तीन हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपए का बजट दिया है। खिलाडियों को बेहतर सुविधाएँ और प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर 2024 के पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में प्रदर्शन और बेहतर करने में इससे मदद मिलेगी।



उन्होंने कहा कि आज देश के गली-गली से निकले टैलेंट अब विश्व स्तरीय प्रशिक्षण पाकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को गौरवान्वित कर रहे है। और इस वर्ष भारत ने एशियाई खेलों का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्रधान मोदी द्वारा प्रारंभ की गई नई पहल ''खेलो इंडिया'' अभियान से निकले करीब सवा सौ खिलाड़ी एशियाई खेलों का हिस्सा बने, जिनमें से 36 खिलाडियों ने मेडल भी जीते। राज्य सरकार भी खेलों को बढावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। हमने कुछ समय पूर्व राज्य के प्रतिभाशाली और उभरते हुए खिलाडियों के लिए खेल छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया था, इस योजना को प्रारंभ कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के मैदान में भी उत्तराखंड अग्रणी राज्य बने और इसी के तहत राज्य में खेल और खिलाडियों के प्रोत्साहन हेतु ''नई खेल नीति'' लाई गई है। खिलाडियों को जमीनी स्तर से खेल क्षेत्र में रूचि लाने हेतु 14 से 23 वर्ष तक के खिलाडियों को 2000 प्रति माह छात्रवृत्ति एवं 10 हजार रुपए प्रति वर्ष खेल के सामान आदि खरीदने हेतु ''मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना'' के तहत धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाडियों को 1500 रूपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। खिलाडियों को नियमानुसार त्वरित वित्तीय लाभ दिये जाने हेतु ''मुख्यमंत्री खेल विकास निधि'' की स्थापना की गयी है।

उन्होंने कहा कि राज्य में खिलाडियों को प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविरों में एवं यात्रा के दौरान दुर्घटना होने पर आर्थिक सहायता की व्यवस्था भी की है। ग्रामीण परिवेश के खिलाडियों के लिए ओपन जिम खोलने के लिए 10 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। प्रदेश सरकार विश्वविद्यालयों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 5 प्रतिशत स्पोर्टस कोटा की व्यवस्था करने के लिये नियमावली बनाने जा रही है। इसके साथ ही निजी खेल क्षेत्रों के माध्यम से खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण हेतु अनुदान दिये जाने की भी व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य के अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को आउट ऑफ टर्न सेवायोजन प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है, जिसे लागू किये जाने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। राज्याधीन सेवाओं में सेवायोजन के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किये जाने की कार्यवाही भी अंतिम चरण में है। उन्होंने खिलाडियों से अपेक्षा की कि वे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ मेहनत करें, राज्य सरकार उनके साथ है।

# शनिवार को भारतीय सेना को मिलेंगे 343 युवा सैन्य अफयर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 06 दिसंबर ।भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से शनिवार को अंतिम पग पार कर 343 युवा सैन्य अफसर भारतीय सेना का हिस्सा बन जाएंगे। इस दौरान 12 मित्र राष्ट्रों के 29 कैडेट भी पास आउट होंगे। पीओपी से पहले मंगलवार को डिप्टी कमांडेंट परेड में भावी अफसरों की परेड की तैयारी परखी गई। डिप्टी कमांडेंट और अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक मेजर जनरल आलोक जोशी ने डिप्टी कमांडेंट परेड की सलामी की।

आईएम के एतिहासिक चेटवुड ड्रिल स्क्वायर पर 343 भारतीय और 29 विदेशी कैडेटों ने अपनी बेदाग उपस्थिति और सटीक मार्चिंग का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मेजर जनरल आलोक जोशी ने कहा कि कैडेटों की सराहना की। उन्हें भारतीय कैडेटों को सेना में बेहतरीन अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सेना की वीरता, सम्मान, लोकाचार और उत्कृष्ट परंपराओं के प्रमुख गुणों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कैडेटों में जोश भरते हुए कहा कि जब आप आज अपने सितारे पहनते हैं, तो याद रखें कि वे कितना वजन रखते हैं। इतिहास का वजन, परंपरा का वजन और उन अनगिनत नायकों का वजन जिन्होंने पहले सेवा की है। आप



और आपका प्रत्येक कदम उन लोगों के बलिदान का प्रमाण है जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन लगा दिया है। उन्होंने आपकों अपनी विरासत सौंपी है और व्यावसायिकता, सत्यनिष्ठा और करुणा के उच्चतम मानकों का उदाहरण देकर उनकी स्मृति का सम्मान करना आपका परम कर्तव्य है। यह कभी न भूलें कि एक लीडर होने का मतलब केवल आदेश देना या सम्मान देना नहीं है। यह उन लोगों का सम्मान और विश्वास अर्जित करने के बारे में है जिनका आप नेतृत्व करते हैं। डिप्टी कमांडेंट ने 12 मित्र देशों के कैडेटों को उनके प्रशिक्षण के सफल समापन पर बधाई दी और उनकी आगे की सफलता की कामना की।

# सीएम ने की आदर्श चम्पावत के तहत संचालित योजनाओं और प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 06 दिसंबर ।मुख्य पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आदर्श चम्पावत के तहत संचालित योजनाओं और प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारी चम्पावत को निर्देश दिये कि चम्पावत स्थित सर्किट हाउस का विस्तारीकरण का कार्य तेजी से किया जाए।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किट हाउस के विस्तारीकरण में आधुनिकता के समावेश के साथ पर्वतीय शिल्प कला का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपदों में बेहतर निर्माण कार्यों में जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके लिए उन्हें सजगता से कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किट हाउस में जनता मिलन के लिए उपयुक्त स्थल के साथ सभागार भी बनाया जाय। आवागमन के लिए सुगम मार्ग का निर्माण भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत आने वाले समय में बड़ा डेस्टिनेशन बने इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी चंपावत को निर्देश दिये कि चंपावत में नई टाउनशिप विकसित किये जाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। इस कार्य के बाद चम्पावत में भी श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि भविष्य में श्रद्धालुओं की संख्या बढने की संभावनाओं के दृष्टिगत सम्पर्क मार्गों के विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों में और तेजी लाई जाए।

जिलाधिकारी चम्पावत नवनीत पाण्डे ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत चम्पावत में मास्टर प्लान के तहत भूमि चिन्हित कर 05 जोन बनाये गये हैं। जिसमें स्टेडियम, कल्चरल थियेटर, गोल्ज्यू मंदिर परिसर, मल्टीस्टोरी पार्किंग और एप्रोच रोड से संबंधित कार्ययोजना बनाई गई है।

इस अवसर पर सचिव विनोद कुमार सुमन और जिला प्रशासन चम्पावत के अधिकारी उपस्थित थे।

# ये है दुनिया के वो आलीशान हवाई अड्डे जिनके सामने फीके है 5 स्टार होटल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 दिसंबर : आज हम आपको कुछ ऐसे एयरपोर्ट के बारे में बताने जा रहें है. जो दिखने में काफी आलीशान है. ये किसी भी पांच स्टार होटल को आराम से सुंदरता में मात दे दें. तो चलिए जानते है विश्व के सबसे अद्भुत हवाई अड्डों के बारे में ये हवाई अड्डे किसी आलीशान महल से कम नही लगते है बता दें कि हवाई अड्डों द्वारा प्लेन में बैठकर हम एक जगह से दूसरी जगह की दूरी कम समय में ही तय कर लेते है. ये हवाई अड्डे किसी आलीशान महल से कम नही लगते है और उनमें वो हर सुविधा मौजूद है जो किसी लग्जरी होटल में मिलती है जैसे कि रेस्टोरेंट, क्लब, बार, मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि ,

सिंगापुर चांगी हवाई अड्डा इस लिस्ट में पहला है. इस एयरपोर्ट से दुनिया में 200 जगहों तक प्लेन द्वारा जाया जा सकता है. इस बेहतरीन एयरपोर्ट का डिज़ाइन काफी अलग ओर काफी आकर्षक है. इसमें बाहर बना गार्डन इसकी खूबसूरती पर चार-चांद लगता है. ये हवाई अड्डा दुनियाभर के एयरपोर्ट से ज्यादा आलीशान है. इस एयरपोर्ट में शूटिंग की भी सुविधा है. यहां पर आप पार्टी भी कर सकते है. ये ही नहीं आपको यहां पर निम्न प्रकार की लग्जीरियस सुविधाएं उपलब्ध होंगी.इस सूची में अगला जो नाम है वो है इंचन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का जो दक्षिणी कोरिया में है. ये सबसे बड़ा और व्यस्त एयरपोर्ट है.

ये ही नहीं इस एयरपोर्ट को इसकी खूबसूरत डिज़ाइन और लग्जरी के लिए 'एयरपोर्ट ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड भी प्राप्त हुआ है.यह दुनिया का सबसे बड़ा और खूबसूरत एयरपोर्ट है. जर्मनी के इस अद्भुत हवाई अड्डे के अंदर 200 से अधिक जगहों से खाना-पानी, शॉपिंग समेत कई चीजें होती है. इस लिस्ट में अगला नाम शामिल है टोक्यो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का. ये हवाई अड्डा दिखने में बेहद लाजवाब है. इस एयरपोर्ट से 60 मिलियन से ज्यादा लोग यात्रा करते है. इसमें काफी चीजें है जैसे रेस्टोरेंट और क्लब आदि.



# बांस की लकड़ी को क्यों नहीं जलाया जाता है, कारण भी हो जायेंगे हैरान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 दिसंबर : हम अक्सर शुभ ₹हवन अथवा पूजा पाठ₹ अशुभ ₹दाह संस्कार₹ कर्मो के लिए विभिन्न प्रकार की लकड़ियों को जलाने में उपयोग करते हैं लेकिन क्या आपने कभी किसी काम के दौरान बांस की लकड़ी जलती देखी है.नहीं ना भारत की संस्कृति,परंपरा और महत्व के अनुसार हमारे शास्त्रों में बांस की लकड़ी को जलाना वर्जित माना गया है यहां तक की हम अर्थी के लिए बांस की लकड़ी का उपयोग तो करते हैं लेकिन उसे चिता में जलाते नहीं, धर्म अनुसार बांस जलाने से पितृदोष लगता है वहीं जन्म के समय जो नाल माता और शिशु को जोड़ के रखती है उसे भी बांस के वृक्षों के बीच मे गाड़ते हैं ताकि वंश सदैव बढ़ता रहे...?

**इसका कोई वैज्ञानिक कारण भी है ,**

बांस में लेड व हेवी मेटल प्रचुर मात्रा में पाया जाता है लेड जलने पर लेड ऑक्साइड बनाता है जो एक खतरनाक न्यूरोटॉक्सिक है हेवी मेटल भी जलने पर ऑक्साइड बनाते हैं परन्तु जिस बांस की लकड़ी को जलाना शास्त्रों में वर्जित है यहां तक चिता में भी नहीं जला सकते उसबांस की लकड़ी को हम लोग रोजाना अगरबत्ती में जलाते हैं अगरबत्ती के जलने से उत्पन्न सुगंध के प्रसार के लिए फेथलेट नामक विशिष्ट केमिकल का प्रयोग किया जाता है यह एक फेथलिक एसिड का ईस्टर होता है. जो श्वास के साथ शरीर में प्रवेश करता है

इसी प्रकार से अगरबत्ती की तथाकथित सुगंध न्यूरोटॉक्सिक एवं हेप्टो टॉक्सिक को भी स्वांस के साथ शरीर में पहुंचती है,इसकी लेशमात्र उपस्थिति ही कैंसर मस्तिष्क आघात का कारण बन सकती है,हेप्टो टॉक्सिक की थोड़ी सी ही मात्रा लीवर को नष्ट करने के लिए पर्याप्त है इसलिए शास्त्रों में पूजन विधान में कही भी अगरबत्ती का उल्लेख नही मिलता,सब जगह धूप ही लिखा है हर स्थान पर धूप,दीप,नैवेद्य का ही वर्णन है अगरबत्ती का प्रयोग भारतवर्ष में मजहब के आगमन के साथ ही शुरू हुआ है

थुक्कल लोग अगरबत्ती मज़ारों में जलाते हैं, हम हमेशा अंधानुकरण करते हैं,हमारे धर्म में हर बात वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार मानव मात्र के कल्याण के लिए ही बनी हैं अतः कृपया अगरबत्ती का प्रयोग भूले से भी ना करें उसकी जगह धूप का उपयोग करें,जय हो विजय हो सनातन धर्म,सनातन संस्कृति की ।



# अजब-गजब : इस देश में शादी के बाद तीन दिनों तक टॉयलेट नहीं जा सकते दूल्हा-दुल्हन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 दिसंबर : शादी का जिक्र होते हैं धूम-धड़ाके के साथ मन में आती हैं बहुत सारी रस्में। जिसे लोग बहुत ही खुशी के साथ मनाते हैं। हर धर्म, समुदाय और देश में शादी को लेकर अलग-अलग रीति-रिवाज होते हैं लेकिन कई बार ऐसे रीति-रिवाज भी देखने को मिल जाते हैं जो आपको अचरज में डाल देते हैं। तो आइए जानते हैं कि क्यों निभाई जाती है ये अनोखी रस्म।

इंडोनेशिया के टीडॉन्ग समुदाय, बिरादरी के लोग इस रस्म को बहुत महत्वपूर्ण समझते हैं, और इस रस्म को वो पूरी संजीदगी के साथ निभाते हैं। इस रिवाज के पीछे मान्यता है कि शादी एक पवित्र समारोह होता है यदि वर-वधू शौचालय जाते हैं तो उनकी पवित्रता भंग होती है और वे अशुद्ध हो जाते हैं, इसलिए शादी के तीन दिन तक दुल्हा-दुल्हन के शौचालय जाने पर पाबंदी रहती है। अगर कोई ऐसा करता है तो उसे अपशगुन मानते हैं।

इंडोनेशिया के टीडॉन्ग समुदाय में इस रस्म को निभाने के पीछे एक और कारण है कि नवविवाहित जोड़ो को बुरी नजर से बचाना। इस बिरादरी के लोगों की मान्यताओं के अनुसार जहां पर मल त्याग किया जाता है वहां गंदगी होती है, जिसके कारण वहां पर नकारात्मक शक्तियां होती है। अगर दुल्हा-दुल्हन शादी के तुरंत बाद शौचालय जाते हैं तो उन पर नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। जिससे उनके दांपत्य जीवन में परेशानियां आ सकती हैं, रिश्ते में दरार पड़ सकती हैं और नवविवाहित जोड़े की शादी टूट सकती है।

इस समुदाय के लोग मानते हैं अगर शादी के तुरंत बाद दुल्हा-दुल्हन शौचालय का इस्तेमाल करते हैं तो ये उनके लिए बहुत ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में दोनों में से किसी एक की जान पर खतरा हो सकता है जिससे उनकी नई शादी-शुदा जिंदगी नष्ट हो सकती है। शादी के तीन दिनों तक दुल्हा-दुल्हन को कोई परेशानी न हो और वे रस्म को अच्छे से निभा सकें इसके लिए उन्हें कम खाना-पानी दिया जाता है और इस बात का ध्यान रखा जाता है कि वे शौचालय न जाएं। यहां पर ये रस्म बहुत ही कड़ाई के साथ निभाई जाती है।



# ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट आयोजन इकोनॉमी, इकोलॉजी, ऐथिक्स और इम्प्लॉयमेंट का संगम होगा : राज्यपाल



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में सचिव नियोजन उत्तराखण्ड शासन आर मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव उद्योग उत्तराखण्ड शासन विनय शंकर पाण्डेय एवं महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा ने भेंट कर उत्तराखण्ड में 08 एवं 09 दिसम्बर, 2023 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट की तैयारियों एवं प्रगति के विषय में जानकारी दी। 08 दिसम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून में ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करेंगे।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन सशक्त उत्तराखण्ड के स्वप्न को साकार करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 21वीं शताब्दी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन इकोनॉमी, इकोलॉजी, ऐथिक्स और इम्प्लॉयमेंट का संगम होगा। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन का लक्ष्य उत्तराखण्ड के हर वर्ग क्षेत्र के विकास हेतु संकल्पित है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश से उत्तराखण्डवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे साथ ही इतने बड़े औद्योगिक निवेश के बाद राज्य सरकार के जी.एस.टी. संग्रह में भी वृद्धि होगी।

बैठक में आर मीनाक्षी सुन्दरम ने बताया कि इस आयोजन हेतु मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है जो विनिर्माण, पर्यटन एवं आतिथ्य, कल्याण एवं आयुष, हेल्थ केयर, शिक्षा, ऊर्जा और रियल स्टेट हैं। सुन्दरम ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रचलित नीतियों में संशोधन करने के साथ-साथ नई नीतियों का निर्धारण भी किया गया है जिनमें सर्विस सेक्टर नीति, लॉजिस्टिक्स नीति अनुकूलित पैकेज व्यवस्था, कैपेक्स सब्सिडी, एम.एस.एम.ई. नीति, स्टार्टअप नीति आदि प्रमुख है। सुन्दरम ने बताया कि नीति निर्धारण करते समय विभिन्न राज्यों की उत्कृष्ट नीतियों का अध्ययन भी किया गया है। साथ ही कई नीतियों के निर्धारण में उत्तराखण्ड देश का प्रथम राज्य भी बना है जिसका लाभ अन्य राज्यों को भी होगा।

बैठक में विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि ''सशक्त उत्तराखण्ड'' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयोजित किए जा रहे ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए अब तक देश और विदेश में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किए गए रोड शो एवं बैठकों को अभूतपूर्व प्रतिक्रियाएं मिली है। पाण्डेय ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट हेतु विभिन्न विभागों द्वारा 200 से अधिक निवेश योग्य परियोजनाएं तैयार की गयी है और 6000 एकड़ से अधिक भूमि ग्राउंडिंग हेतु चिन्हित की गयी है। बैठक में रोहित मीणा ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट हेतु तय लक्ष्यानुसार 2.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। मीणा ने बताया कि पर्यटन, स्वास्थ्य, आई.टी. जैसे सेक्टरों के बड़े उद्योगपतियों ने उत्तराखण्ड में निवेश करने के लिए सहर्ष एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

मीणा ने बताया कि 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौतों के सापेक्ष एक बड़ी मात्रा में ग्राउंड ब्रेकिंग इसी वित्तीय वर्ष में हो जायेगी, जो इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन एवं राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने दिलाराम बाजार में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत दिलाराम बाजार में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शहर के प्रमुख स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित होने से आम जनता में देश प्रेम और राष्ट्रीयता की भावना का और तेजी से प्रसार होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेम चन्द अग्रवाल, सुबोध उनियाल, विधायक खजानदास, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी अजय सिंह, अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल उपस्थित थे।

# एसीएस रतूड़ी ने लिया समिट की तैयारियों का जायजा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर एफआरआई पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस विभाग के अफसरों को कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। दोपहर मंगलवार को अपर मुख्य सचिव रतूड़ी और कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार एफआरआई पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लगे विभिन्न पंडालों, मुख्य कार्यक्रम स्थल और अन्य जगहों का निरीक्षण किया। रतूड़ी ने पुलिस अफसरों को कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, शहर में रुट डाइवर्ट प्लान समेत विभिन्न व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समिट का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखने के साथ ही आमजन को अनावश्यक परेशानी ना हो इस बात का भी विशेष ध्यान रखने को कहा। कहा कि देश एवं दुनिया से बड़ी तादाद में निवेशक उत्तराखंड आ रहे हैं, इस दौरान सभी विशिष्ट अतिथियों के सामने उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति की भी झलक दिखे इसके लिए विशेष इंतज़ाम किए जाए।

इस दौरान सचिव विनोद सुमन, विनय शंकर पांडे, एडीजी एपी अंशुमन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी,जिला अधिकारी सोनिका, एसएसपी अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दून में होंगे पालिटेक्निक के राज्य स्तरीय खेल

देहरादून। प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत चलने वाले 71 राजकीय तथा एक सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थानों की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार से महाराण प्रताप स्पोट्र्स कालेज में शुरू होने जा रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल और विधायक उमेश शर्मा काऊ करेंगे। इसमें गढ़वाल-1, गढ़वाल-2, कुमाऊं 1, कुमाऊं 2 में विजयी रहे 217 छात्र एवं 141 छात्राएं 29 विभिन्न खेलों में प्रदर्शन लेंगे। वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में समूह गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, आईआरडीटी सभागार सर्वे चौक में होंगे। जिसमें अपर सचिव स्वाती भदौरिया मुख्य अतिथि होंगी। वहीं खेलकूद का समापन तकनीकी शिक्षा मंत्री रविनाथ रमन करेंगे। इस दौरान प्राविधिक शिक्षा निदेशक आरपी गुप्ता, अपर निदेशक देशराज, डा. राजेश उपाध्याय सहित कई लोग मौजूद रहेंगे।

### राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी चुनाव तैयारियों पर चर्चा करेगी

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के संस्थापक सदस्यों का सम्मेलन आज देहरादून के प्रेस क्लब में होगा। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में संस्थापक सदस्यों की ओर से यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में संगठन विस्तार के साथ ही निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। प्रेस वार्ता में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष प्रमोद डोभाल, वरिष्ठ नेता विनोद कोठियाल, जिला संयोजक रूडक़ी सुहेल खान मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस ने तय किए कार्यक्रम

देहरादून। महानगर युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कांग्रेस भवन में हुई। जिसमें संगठन के आगे के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रदेश प्रभारी शिव चौहान,प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा भुल्लर, प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट , मोहन भंडारी, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार , जिला उपाध्यक्ष मोहित मेहता, प्रदेश सचिव हर्षवर्धन , हरिद्वार जिला उपाध्यक्ष रोहित करनवाल, राजपुर विधानसभा अध्यक्ष सागर सेमवाल और कैंट विधानसभा अध्यक्ष कार्तिक बिरला, सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता: नन्हें बच्चों ने कागज पर उकेरे कल्पना के रंग

देहरादून। राज्य बाल कल्याण परिषद की सालाना राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में 100 से अधिक नन्हें छात्र-छात्राओं ने शिरकत की। बच्चों ने रंगों के जरिए कागज पर अपनी भावनाओं और कल्पनाओं का बाखूबी उकेरा। विजेता छात्र-छात्राओं को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह राजभवन में सम्मानित करेंगे। मंगलवार को परिषद कार्यालय में निदेशक-एआरटी वंदना गब्र्याल ने दीप जलाकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। बच्चों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए गब्र्याल ने उनकी हौंसला अफजाई की। कहा कि अभाव कभी भी मनुष्य की तरक्की में बाधक नहीं होता। यदि आगे बढने की चाह है तो बुजुर्गों के मार्गनिर्देशन और स्वयं की मेहनत लक्ष्य तक अवश्य पहुंचाती है। परिषद की महासचिव पुष्पा मानस ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए और प्रोत्साहित करने के लिए हर साल इस चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार 100 से अधिक बच्चे इसमें भागीदारी कर रहे हैं। मालूम कि इस प्रतियोगिता में सामान्य बच्चों के साथ ही मूक बधिर, दृष्टि और बहु दिव्यांग, सेरेब्रेल पाल्सी से पीड़ित बच्चें भी भाग ले रहे हैं। परिषद की अध्यक्ष मधु बेरी, महासचिव पुष्पा मानस,वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश बावला, संयुक्त सचिव कमलेवर प्रसाद भट्ट, आशा श्रीवास्तव, पूर्व महासचिव वीके डोभाल, कुसुम कोठारी, आनंद सिंह रावत, डॉ.जीएन बलूनी, डॉ.अनूप कौल, डॉ.अनूप कुमार, आनंदमणि सेमवाल आदि मौजूद रहे।

### चुनावी रैली में भाग लेने वाले नर्सिंग कॉलेज प्रोफेसर पर कारवाई के निर्देश

देहरादून। राजस्थान विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान वहां एक राजनैतिक कार्यक्रम में नजर आने वाले चम्पावत नर्सिंग कॉलेज प्रोफेसर के खिलाफ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कारवाई के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस की शिकायत पर सीईओ कार्यालय ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने 22 नवंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को शिकायती पत्र सौंपते हुए, चम्पावत नर्सिंग कॉलेज के प्रोफेसर रामकुमार शर्मा पर राजस्थान में चल रहे विधानसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक कार्यक्रम में भाग लेने का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने राजस्थान चुनाव प्रचार में गए सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के साथ शर्मा की तस्वीर भी जारी करते हुए, इसे कर्मचारी आचरण सेवा नियमावली के खिलाफ करार देते हुए, कार्यवाई की मांग की थी। अब इसी शिकायत के आधार पर सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने निदेशक चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर अधिकारी कर्मचारी सेवा नियमावली के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि राजकुमार शर्मा का आचरण सरकारी सेवक के नियमों के खिलाफ है, उनके खिलाफ सख्त कारवाई की जाए।

### दून की हर्षिता ने इंटरनेशनल कॉम्बेट गेम्स में जीता स्वर्ण

देहरादून। इंटरनेशनल कॉम्बेट गेम्स-2023 में ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी देहरादून की एमएससी तृतीय वर्ष की छात्रा हर्षिता चौधरी ने कराटे में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। एशियन कोच एवं नेशनल कराटे एकेडमी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश जोशी ने बताया कि एक से चार दिसंबर तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स में प्रतियोगिता हुई। हर्षिता छह वर्षों से नेशनल कराटे एकेडमी इंडिया में प्रशिक्षण ले रही है। हर्षिता ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कराटे खेल की सीनियर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हर्षिता ने सेमीफाइनल में नेपाल की खिलाड़ी को 9-2 एवं फाइनल में बांग्लादेश की खिलाड़ी को 8-4 अंकों के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। हर्षिता के शानदार प्रदर्शन पर प्रेमचंद अग्रवाल सहित नेशनल कराटे एकेडमी इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मोर, मेयर सुनील उनियाल गामा, पूर्व खेल मंत्री एवं क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नारायण सिंह राणा, प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सूद, संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट, सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्धिकी, किकबॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कोटनाला, मुख्य कोच उत्तराखण्ड प्रज्ञा जोशी आदि ने हर्ष जताया है।

# जानिए क्या होता है कूड़ा वर्ल्ड कप ?







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 दिसंबर , क्रिकेट वर्ल्ड कप, हॉकी वर्ल्ड कप और फुटबॉल वर्ल्ड कप के बारे में तो सबने सुना होगा, लेकिन कितने लोग हैं जिन्होंने कचरा या कूड़ा वर्ल्ड कप के बारे में सुना है. चलिए आज आपको बताते हैं दुनिया के एक अनोखे खेल के बारे में, जिसमें कई देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं. सबसे बड़ी बात कि इस खेल में लोग कूड़ा उठाते हैं.

क्या है कूड़ा वर्ल्ड कप?

यह एक तरह का अनोखा खेल है, जिसे जापान में शुरू किया गया है. इस खेल का नाम है स्पोगोमी वर्ल्ड कप ये एक जापानी शब्द है, जिसका मतलब कूड़ा इकट्ठा करना होता है. हाल ही में हुए इस खेल में 21 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. दरअसल, इस खेल का इरादा इसके जरिए पूरी दुनिया में साफ सफाई और पर्यावरण के मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है.

कौन बना विजेता

इस वर्ल्ड कप में 21 देशों ने हिस्सा लिया, लेकिन इस खेल का विजेता बना ब्रिटेन. इस खेल के दौरान सभी टीमों ने 1208 पाउंड कचरा इकट्ठा किया. सबसे बड़ी बात कि ये कचरा उन्हें शहर से इकट्ठा करना था. यानी आप किसी प्राइवेट प्रॉपर्टी से कचरा नहीं ले सकते थे. ब्रिटेन के खिलाड़ी इसमें आगे रहे और उन्होंने 20 मिनट में सबसे ज्यादा कचरा इकट्ठा किया. आपको बता दें, इस खेल का आयोजन निप्पॉन फाउंडेशन ने किया था. अब इस खेल का दोबारा आयोजन साल 2025 में टोक्यो में होगा.

जापानी न्यूज वेबसाइट द मेनिची से बात करते हुए अपनी हार पर जापानी टीम के एक सदस्य टोमो ताकाहाशी ने कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि हम इस प्रतियोगिता में हार गए. हम पहले ही जीतना चाहते थे. उन्होंने कहा कि हम इस हार को भूलेंगे नहीं, साल 2025 में होने वाले वर्ल्ड कप में हम जीत कर दिखाएंगे. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस खेल के बाद दुनियाभर के लोग पर्यावरण के मुद्दे पर और अधिक रुचि लेंगे.

# WhatsApp पर अब भेज सकेंगे ओरिजनल मीडिया फाइल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 दिसंबर , मेटा के स्वामित्व वाली इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप कंपनी वॉट्सएेप ने हाल ही में एक नया फीचर लॉन्च करने की तैयारी की है. आप जानते हैं वॉट्सऐप को एंड्रॉयड, आईफोन सहित वेब वर्जन पर एक्सिस किया जा सकता है. ऐसे में वॉट्सऐप जल्दी-जल्दी नए-नए फीचर्स लोगों के लिए पेश करता रहता है. हाल ही में वॉट्सऐप ने आईफोन यूजर्स के लिए एक नए फीचर की टेस्टिंग शुरू की है. जिसमें आप अब ओरिजनल मीडिया फाइल भेज सकेंगे.रिपोर्ट के अनुसार इस फीचर की मदद से आप फोटो और वीडियो को ओरिजनल क्वालिटी में दूसरे आईफोन यूजर को भेज सकेंगे. अभी तक आईफोन से आईफोन पर भेजी जाने वाली ये फाइल क्वालिटी के मामले में ओरिजनल फाइल से कमतर होती थी, लेकिन वॉट्सऐप के इस नए फीचर के रोलआउट होने के बाद आईफोन यूजर्स वीडियो और फोटो की ओरिजनल फाइल भेज सकेंगे.

कैसे यूज कर सकेंगे ये फीचर

वॉट्सऐप के इस फीचर में आप फोटो और वीडियो को डॉक्यूमेंट के जरिए शेयर कर सकेंगे, जिससे फोटो और वीडियो की क्वालिटी पर कोई असर नहीं होगा. इसको यूज करने के लिए सबसे पहले आपको अपना वॉट्सऐप अकाउंट ओपन करना होगा. इसके बाद चैट शेयर सीट पर टैप करके डॉक्यूमेंट को सिलेक्ट करना होगा. जहां से आप फोटो या वीडियो को चूज कर सकेंगे.

**WhatsApp यूजर्स जल्द छिपा सकेंगे लॉक्ड चैट**

कुछ समय पहले ही वॉट्सऐप में अपने यूजर्स के लिए चैट लॉक फीचर को पेश किया इस फीचर की मदद से आप अपनी जरूरी चैट्स को लोगों से छुपा कर रख सकते हैं. आसान शब्दों में कहे तो इस फीचर की मदद से प्राइवेसी को मजबूत बनाने में मदद मिली है. जानकारी मिली है कि अब कंपनी लॉक्ड चैट के छुपाने के लिए एक नया फीचर ला रही है.




# पनौती शब्द के जानिए क्या हैं मतलब

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




भारत में आजकल एक शब्द काफी चर्चा में है। वर्ल्ड कप में भारत की हार से शुरू हुआ ये शब्द अब राजनीतिक की गलियारों में भी सुर्खियां बटोर रहा है। यह शब्द है 'पनौती'। 19 नवंबर को आईसीसी वर्ल्ड कप (ICC World Cup 2023) में भारत की हार के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी (Rahul Gandhi) ने पीएम मोदी की आलोचना करते हुए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। उनके इस बयान ने तूल पकड़ लिया और बाद में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से 'पनौती' शब्द (Panauti Row) पर स्पष्टीकरण मांगा। लेकिन क्या आपको पनौती शब्द के बारें में पता है कि ये कहां से आया, इसका अर्थ क्या है? अगर नहीं तो यहां जानिए...

**पनौती शब्द का क्या अर्थ होता है**

'पनौती' शब्द का अर्थ आम तौर पर अपशगुन या दुर्भाग्य होता है। इसका इस्तेमाल ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसको लेकर माना जाता है कि वह बनता काम भी बिगाड़ देता है। पनौती शब्द पन और औती प्रत्यय से मिलकर बना है। जिनमें 'पन' का अर्थ पानी और औती प्रत्यय से मिलकर कई शब्द बने हैं। इनमें चुनौती, कसौटी, बपौती, फिरौती और कटौती जैसे कई शब्द हैं।

पनौती शब्द का एक अर्थ बाढ़ भी होता है, जो काफी बर्बादी फैलाने का काम करता है। कहा जाता है कि इसी शब्द से इस अर्थ को शायद लिया गया होगा। ज्योतिष की बात करें तो पनौती शब्द शनि की प्रतिकूल अवधि से जुड़ा हुआ है। यह बाढ़ आने का संकेत भी दे सकता है। एक आर्टिकल के मुताबिक, पनौती शब्द की उत्पत्ति तमिल के एक शब्द 'पन्नादाई' से हुई है। इसका अर्थ 'ढीला बुना कपड़ा' होता है। इसका एक अर्थ 'मूर्ख' भी होता है।

# रात्री चेकिंग में पुलिस को मिले तीन संदिग्ध बाइक सवार

रुड़की(आरएनएस)। इंस्पेक्टर आरके सकलानी अपनी टीम के साथ सिविल लाइंस बाजार से होते हुए स्टेट हाईवे पर गश्त करते पहुंचे। जहां आईआईटी के गेट के पास देर रात दो बाइकों को सवार तीन युवकों को पूछताछ के लिए रोका गया। लेकिन वह पूछताछ में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जांच में बाइकों पर नंबर प्लेट भी नहीं मिली। जिसके बाद शाहनवाज निवासी पठानपुरा, अंकित निवासी इब्राहिमपुर देह और नीरज निवासी पश्चिमी अंबर तालाब को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज रावत, बालम सिंह, प्रवीण और अनिल शर्मा शामिल रहे।

## महिला की संदिग्ध मौत के कारणों में उलझी पुलिस

रुड़की। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के कारणों का अभी तक पुलिस पता नहीं लगा पाई है। पुलिस दोनों पहलुओं से मामले की जांच अपने स्तर से कर रही है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया गया। बीते सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि नगर के मोहल्ला मलकपुरा निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके वालों द्वारा मौखिक रूप से ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच अपने स्तर से शुरू की है। हालांकि अभी तक इस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है कि महिला की हत्या हुई है या फिर उसने आत्महत्या की है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में महिला के शव का पंचनामा भर गया। जिसके बाद उसके शव को मोर्चरी भिजवा दिया गया था। मंगलवार दोपहर बाद महिला के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद उसका शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट का कहना है कि पुलिस अपने स्तर से मामले की गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद महिला की मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# मोबाइल हो जाए चोरी, तो ऐसे करें यूपीआई बंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 दिसंबर , क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आपको मोबाइल फोन खो या चोरी हो जाए? तो आप कैसे अपने गूगल पे, फोन पे, पेटीएम और यूपीआई आईडी को ब्लॉक कर सकेंगे. अगर आप इन्हें फोन के गुम होते ही ब्लॉक नहीं करेंगे, तो आपका अकाउंट गलत हाथों में फोन के पड़ने से पूरा खाली हो सकता है. इसीलिए हम आपके लिए यूपीआई, गूगल पे और पेटीएम को अकाउंट का ब्लॉक करने की डिटेल लेकर आए हैं.

कैसे पेटीएम यूपीआई आईडी करें ब्लॉक


पेटीएम बैंक हेल्पलाइन नंबर 01204456456 पर कॉल करें.इसके बाद Lost Phone ऑप्शन को सिलेक्ट करें.यहां आपको खोए हुए फोन के नंबर को दर्ज करने का ऑप्शन मिलेगा.फिर आपको लॉगआउट फ्रॉम ऑल डिवाइस ऑप्शन सिलेक्ट करना होगा.इसके बाद PayTM की वेबसाइट पर जाएं और 24×7 हेल्फ ऑप्शन सिलेक्ट करें.इस तरह आप Report a Fraud या फिर Message Us ऑप्शन सेलेक्ट कर सकते हैं.फिर आपको पुलिस रिपोर्ट समेत कुछ डिटेल देनी होगी. सारी डिटेल की जांच के बाद आपके पीटीएम अकाउंट को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया जाएगा.

कैसे ब्लॉक करें गूगल पे यूपीआई आईडी

सबसे पहले किसी फोन से 18004190157 नंबर डॉयल करें.इसके बाद कस्टमर केयर को पेटीएम अकाउंट ब्लॉक करने की जानकारी देनी होगी.एंड्रॉइड यूजर्स को गूगल फाइंड माय फनो को किसी पीसी या फिर फोन पर लॉगिन करना होगा. इसके बाद गूगल पे के सारे डेटा को रिमोटली डिलीट करना होगा. इसके बाद आपका गूगल पे अकाउंट अस्थायी तौर पर ब्लॉक हो जाएगा.अगर आप iOS यूजर्स हैं, तो find my app और अन्य ऐपल अथॉराइज्ड टूल से सारा डेटा डिलीट करके गूगल पे अकाउंट ब्लॉक कर सकते हैं.

कैसे ब्लॉक करें फोनपे यूपीआई आईडी

सबसे पहले 02268727374 या फिर 08068727374 नंबर पर कॉल करें.जिस मोबाइल नंबर से यूपीआई आईडी लिंक है, उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करें.ओटीपी पूछने पर आपको सिम कार्ड और डिवाइस खोने के ऑप्शन को सेलेक्ट करना होगा.इसके बाद आपको कस्टमर केयर से कनेक्ट किया जाएगा, जहां से आप कुछ जानकारी देकर यूपीआई आईडी ब्लॉक कर सकते हैं.




# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में महिला सुरक्षा के प्रति लगातार दिख रही पौड़ी पुलिस की प्रतिबद्धता

## पौड़ी पुलिस ने अथक प्रयासों से गुमशुदा युवतियों को गैर प्रान्त हरियाणा एवं हरिद्वार से सकुशल किया बरामद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी, 6 दिसंबर : स्थानीय निवासी टिहरी गढ़वाल ने महिला थाना श्रीनगर पर सूचना दी कि उसकी बहन श्रीनगर से बिना बताये कहीं चली गयी है और अभी तक घर वापस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में महिला थाना श्रीनगर पर मु0अ0सं0-06/2023, धारा 363 भा0द0वि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

साथ ही दिनाँक 10.11.2023 स्थानीय निवासी टिहरी गढ़वाल ने महिला थाना श्रीनगर पर सूचना दी कि उसकी पुत्री श्रीनगर से बिना बताये कहीं चली गयी है और अभी तक घर वापस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में महिला थाना श्रीनगर पर मु0अ0सं0-07/2023, धारा 363 भा0द0वि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम एवं महिलाओं से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों के त्वरित अनावरण एवं निस्तारण के प्रति अति संवेदनशील हैं। उक्त दोनों गुमशुदगी के प्रकरणों के त्वरित अनावरण एवं निस्तारण करने के लिये थानाध्यक्ष महिला थाना के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त मामले में त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदाओं को सकुशल बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्गत दिशा निर्देशों के क्रम में गठित टीम द्वारा तत्काल अथक प्रयास एवं ठोस सुरागरसी-पतारसी कर सर्विलान्स की मदद से गुमशुदा दोनों युवतियों को हरिद्वार एवं हरियाणा से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

मु0अ0सं0-07/2023 में दौराने विवेचना प्रकाश में आया कि अभियुक्त करन कुमार पुत्र संजय लाल, निवासी ग्राम-तिलहनी, पोस्ट-सुमेरपुर, जनपद रुद्रप्रयाग गुमशुदा अपहृरता को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया था जिस सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध धारा-376 भा0द0वि एवं 3/4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर अभियुक्त को गुरुग्राम हरियाणा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस टीमः-1. थानाध्यक्ष संध्या नेगी2. मुख्य आरक्षी श्री संदीप चौहान3. मुख्य आरक्षी श्री महेन्द्र








# आप स्वर्ग जाएंगे या नरक बताएगी यमराज की कचहरी !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 दिसंबर , संत महात्मा बूढ़े बुजुर्ग बताते हैं कि आपका कर्म तय करता है कि आपको मरने के बाद स्वर्ग मिलेगा या नर्क , लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक मंदिर है चौरासी जहां मरने के बाद सबसे पहले पहुंचती है आत्मा , एक ऐसा मंदिर है जहां मरने के बाद हर किसी को जाना ही पड़ता है चाहे वह आस्तिक हो या नास्तिक , हिमाचल के चम्बा जिले में भरमौर नामक स्थान में स्थित इस मंदिर के बारे में कुछ बड़ी अनोखी मान्याताएं प्रचलित हैं।

यहाँ है इकलौता यमराज की कचहरी

भरमौर स्थित चैरासी मंदिर इस मंदिर की मान्यता है की यह एक मात्र मौत के देवता का अकेला मंदिर है। इस मंदिर में माना जाता है इंसान अगर जिंदा रहते हुए नही आया तो मौत के बाद उसके आत्मा को यहां आ पड़ता है। यहां आने के बाद उसके पाप और पुण्य दोनों का फैसला कर के उसे स्वर्ग और नर्क में भेजा जाता है।मंदिर परिसर में हिंदू देवताओं के 84 मंदिर हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि उनमें 84 प्रजातियों को जन्म से मुक्ति देने की शक्ति है।

इस मंदिर में एक खाली कमरा है जिसे चित्रगुप्त का कमरा माना जाता है। चित्रगुप्त यमराज के सचिव हैं जो जीवात्मा के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। मान्यता है कि जब किसी प्राणी की मृत्यु होती है तब यमराज के दू उस व्यक्ति की आत्मा को पकड़कर सबसे पहले इस मंदिर में चित्रगुप्त के सामने प्रस्तुत करते हैं।

चित्रगुप्त जीवात्मा को उनके कर्मों का पूरा ब्यौरा देते हैं इसके बाद चित्रगुप्त के सामने के कक्ष में आत्मा को ले जाया जाता है। इस कमरे को यमराज की कचहरी कहा जाता है।इस मंदिर की मान्यता दूर दूर तक फैली हुई है लेकिन मृत्यु के देवता यमराज के भय से लोग यहां दिन में भी बाहर से ही दर्शन कर लौट जाते हैं प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि मे यहां भव्य आयोजन होता है जिसमें हजारों की संख्या में भक्त जुटते है। है ना ये अनोखा मंदिर अगर आपको शाइनिंग उत्तराखंड न्यूज़ की ये जानकारी पसंद आयी हो तो सभी के साथ शेयर जरूर करें




# बिहारीगढ पुलिस की स्पेशल मुहिम, 100 से जादा वाहनों पर लगाए रिफलेक्टर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बिहारीगढ 06 दिसंबरः सर्दी में धुंध के कारण हो रहे एक्सीडेंट को रोकने के मकसद से बिहारीगढ पुलिस ने बुग्गावाला चौक पर सभी भारी वाहनो को रोककर रेडीयम रिफलेक्टर लगाये गये ।। सभी वाहन चालको को बिहारीगढ उप निरीक्षक रामचरण सिह ने कहा-एक्सपर्ट ड्राइवर को ही गाड़ी चलाने दे, न कि किसी अनाड़ी को। आम तौर पर देखा गया है दूसरे राज्य से आए अनाड़ी ड्राइवर को अपना ट्रक या टैक्टर-ट्राली चलाने के देते हैं।

इससे ज्यादातर हादसे होते है। धुंध को लेकर थानाध्यक्ष बीनू चौधरी ने कहा कि अगर रास्ते में व्हीकल खराब हो जाए तो उसे फौरन साइड पर करें और कोई परेशानी आए तो पुलिस को कॉल करें। यह नहीं कि आप गाड़ी छोड़ कर इधर-उधर हो जाएं। गाड़ी की पार्किंग लाइट्स से लेकर सभी लाइट चैक करवा लें। वह चलती होनी चाहिए। अगर बैटरी पुरानी हो चुकी है तो उसे



बदल लें। कुछ पैसे बचाने के चक्कर में अपनी जान और किसी अन्य की जान से खिलवाड़ न करें। बिहारीगढ पुलिस ने बुग्गावाला चौक पर 100 से ज्यादा व्हीकल को रिफलेक्टर लगाएं। इस अवसर पर उप निरीक्षक रामचरण सिंह, उप निरीक्षक योगेन्द्र चौधरी, उप निरीक्षक ब्रिजेन्द्र सिह, हैड कांस्टेबल सोनू पायला, कांस्टेबल नीटू कुमार, कांस्टेबल सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

# पॉड टैक्सी और गंगा कॉरिडोर का नक्शा जारी करे प्रशासन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन से पॉड टैक्सी और गंगा कॉरिडोर का नक्शा जारी करने की मांग की है। साथ ही पॉड टैक्सी के रूट का निर्माण गंगा के किनारे बनाने की मांग की। मंगलवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन सैनी धर्मशाला में हुआ। व्यापारियों ने कहा कि हम सरकार की पॉड टैक्सी और गंगा कॉरिडोर योजनाओं का स्वागत करते हैं, साथ ही दोनों योजनाओं को जल्द शुरू करने की मांग की। व्यापारियों ने पॉड टैक्सी और गंगा कॉरिडोर योजनाओं का पूरा नक्शा जारी करने की मांग प्रशासन से की। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि पॉड टैक्सी और गंगा कॉरिडोर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी का बड़ा तोहफा है। लेकिन प्रशासन को यह भी ध्यान रखना चाहिए की दोनों योजनाओं से किसी व्यापारी के हित प्रभावित न हो। सीएम धामी ने पॉड टैक्सी को लेकर कमेटी बनाई थी। सरकार व्यापारी की बात सुनना चाहती है। लेकिन पॉड टैक्सी से संबंधित अधिकारी मनमानी करना चाहते हैं। अधिकारियों की मनमानी व्यापारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। व्यापारियों की मांग है कि पॉड टैक्सी का रूट गंगा किनारे होना चाहिए। बैठक में प्रदेश महामंत्री सुदीश श्रोत्रिय, जिलाध्यक्ष विनीत धीमान, शहर अध्यक्ष ज्वालापुर हरविंद्र सिंह, पुष्पेंद्र गुप्ता, अरविंद कुमार, विजय धीमान, संजीव कुमार, विपिन राणा आदि उपस्थित रहे।

**लखन सिंह को अध्यक्ष बनाया**

बैठक के दौरान तहसील रोड व्यापार मंडल का गठन किया गया। इस दौरान लखन सिंह को अध्यक्ष, रामपाल सैनी को महामंत्री, अनिल प्रजापति को कोषाध्यक्ष, जुगल किशोर अरोरा को उपाध्यक्ष, रमेश कुमार दुबे को प्रवक्ता, इकराम सलमानी, फरहान और सतीश कुमार सचिव और भारत तनेजा को जिला महामंत्री, विशाल माथुर और संजय सिंहा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया ।

# भेल की हीप इकाई को सीआईआई-एक्जिम बैंक अवार्ड की प्लेटिनम मान्यता मिली

हरिद्वार। बीएचईएल ने वैश्विक इंजीनियरिंग उपक्रम के रूप में अपने सामथ्र्य को एक बार फिर साबित कर दिया है। कंपनी के हरिद्वार स्थित हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट (हीप) को व्यापारिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सीआईआई एक्जिम बैंक अवार्ड-2023 की प्लेटिनम मान्यता से सम्मानित किया गया है। बेंगलुरू में आयोजित हुए सीआईआई उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन में बीएचईएल के निदेशक (ई,आरएंडडी) एवं निदेशक (वित्त) अतिरिक्त प्रभार जय प्रकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक (गुणता एवं व्यापारिक उत्कृष्टता) प्रशांतो माजी और अपर महाप्रबंधक (व्यापारिक उत्कृष्टता) पूनम सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि हीप इकाई को मिला यह सम्मान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है।

## संक्षिप्त खबरें

### गन्ने से पीट-पीट कर की गई अधेड़ की हत्या, आरोपी राजमिस्त्री गिरफ्तार

हरिद्वार। हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर फेरुपुर पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर खेत में अधेड़ की गन्ने से पीट-पीट कर हत्या की गई थी। पथरी पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी राजमिस्त्री को गिरफ्तार किया है। मामूली बात को लेकर हुए विवाद में पेशे से दिहाड़ी मजदूर की हत्या की गई थी। मंगलवार को जिला पुलिस मुख्यालय में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार को धनपुरा- फेरुपुर के बीच एक गन्ने के खेत में अद्र्धनग्न अवस्था में एक अधेड़ का शव मिला था। पुलिस की पड़ताल में सामने आया था कि अधेड़ ज्वालापुर क्षेत्र के निवासी युसुफ के यहां लंबे समय तक काम कर चुका था। पुलिस ने युसूफ से संपर्क साधा तब मृतक की पहचान महेंद्र 55 पुत्र प्रकाश सिंह उमर निवासी डांडीपुर थाना सहसपुर देहरादून के रूप में हुई। एसएसपी ने बताया कि महेंद्र के भाई पाल सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की पड़ताल में ऋतिक पुत्र अमर सिंह निवासी धनपुरा पथरी का नाम सामने आया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ में सामने आया कि अधेड़ की मुलाकात उससे शराब के ठेके पर हुई थी। शराब के आदी महेंद्र ने चरस पीने वाले ऋतिक से बीड़ी पीने के लिए मांगी थी। चरस से भरी बीड़ी पीने के साथ वह पेशे से राजमिस्त्री ऋतिक के साथ चल दिया। रास्ते में किसी बात को लेकर उनके बीच नोकझोंक हो गई। विवाद अधिक होने पर ऋतिक ने खेत से गन्ना तोडक़र उस पर हमला कर दिया। उसके बाद पीट-पीट कर उसकी हत्या कर आरोपी अपने घर पहुंच गया, जिसके बाद उसने अपने कपड़े भी धो दिए थे। मामले के खुलासे के दौरान एसओ पथरी थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, फेरूपुर चौकी प्रभारी नवीन चौहान, उपनिरीक्षक महेंद्र पुंडीर, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल नारायण राणा, अनिल पंवार, जयपाल और मुकेश चौहान मौजूद रहे।

### चोरी का विरोध करने पर मकान स्वामी पर रॉड से हमला

हरिद्वार। घर में घुसकर चोरी कर रहे युवक ने विरोध करने पर मकान स्वामी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में घायल मकान स्वामी की तरफ से युवक के खिलाफ कनखल पुलिस ने चोरी के प्रयास समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना क्षेत्र की भगवतीपुरम कालोनी की है। स्थानीय निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ सो रहा था। इसी दौरान उसे खटपट की आवाज सुनाई। उसने कमरे से बाहर निकालकर देखा तो दंग रह गया। एक युवक उसके घर का सामान एकत्र कर रहा था। उसने युवक का विरोध कर दिया तब उसने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। आरोपी घर से फरार होने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलने पर कनखल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। मकान स्वामी ने आरोपी युवक गगन कश्यप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### घरों में गंदा पानी आने से नाराज लोगों का प्रदर्शन

हरिद्वार। सीवर लाइन ओवरफ्लो होने के कारण घरों में गंदा पानी आने से नाराज लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चैंबरों की मरम्मत की मांग की। इधर, अधिशासी अभियन्ता राकेश चौहान ने एई मुकेश सक्सेना व जेई निधि सेठी को तुरन्त दुर्गानगर में मौका-मुआयने पर भेजकर सीवर लाइन की सफाई का कार्य प्रारम्भ करवाया। एई मुकेश सक्सेना ने बताया कि समूचे दुर्गानगर में सीवर लाइन की सफाई करवाकर क्षतिग्रस्त सीवर चैम्बरों की मरम्मत करवाते हुए नये ढक्कन लगवाए जाएंगे। भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि दुर्गानगर में अनेक स्थानों पर सीवर लाइन जाम पड़ी है, और सीवर चैम्बर क्षतिग्रस्त हैं। अप्रैल-मई से वह विभागीय अधिकारियों को इस समस्या से अनेक बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं। लेकिन कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया। व्यापारी नेता सुनील सेठी ने कहा कि कुछ अधिकारी कार्यों में लापरवाही बरत रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता सुखेन्द्र तोमर व गंगाराम पाल ने संयुक्त रूप से कहा कि विगत बार-बार सफाई कराने पर भी सीवर लाइन की व्यवस्था सुचारू नहीं हो रही है। इस मौके पर दिनेश शर्मा, व्यापार मण्डल के कोषाध्यक्ष आशू आहूजा, गंगाराम पाल, पूजा प्रजापति, संगीता प्रजापति, रेखा प्रजापति, अंजना शर्मा, उषा भटनागर, कल्पना राजपूत, राधा रानी, बीना ठाकुर, आशु आहूजा, सुखेन्द्र तोमर, मनोज पाल, रमेश, राजेन्द्र यादव, मनोज यादव, धर्मशाला सभा के दिनेश शर्मा आदि शामिल रहे।

# तहसील दिवस : तीन तहसीलों में महज 17 शिकायतें दर्ज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

-कहीं अधिकारी नहीं पहुंचे तो कहीं फरियादी

विकासनगर। पछुवादून से लेकर जौनसार बावर की चार तहसीलों में तहसील दिवस महज औपचारिकता बनकर रह गए। तहसील दिवस पर कहीं अधिकारी नहीं पहुंचे तो कहीं फरियादियों के इंतजार में अधिकारी धूप सेंकते रहे। चकराता में जहां अधिकारियों के न पहुंचने से तहसील दिवस आयोजित ही नहीं हुआ। वहीं तीन तहसीलों में महज 17 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो पाया। दिसंबर माह के पहले मंगलवार को क्षेत्र की चारों तहसीलों विकासनगर, कालसी, चकराता और त्यूणी में तहसील दिवस आयोजित किया गया। विकासनगर में तहसीलदार सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में मात्र 14 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें राजस्व विभाग की पांच, खंड विकास विभाग की सात, ऊर्जा निगम और पुलिस की एक-एक शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें राजस्व विभाग से सबंधित चार शिकायतों का ही समाधान हो पाया, बाकि शिकायतों के निस्तारण की औपचारिकता पूरी करने के लिए सबंधिति विभागों को तहसील प्रशासन ने पंद्रह दिन के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए। कालसी तहसील में तहसीलदार केडी जोशी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में मात्र दो शिकायतें दर्ज की गयी। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। दिनभर अधिकारी तहसील में फरियादियों की राह ताकते रहे। लेकिन कोई फरियादी नहीं आया। त्यूणी में प्रभारी तहसीलदार जीडी जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया गया। लेकिन तहसील में मात्र एक शिकायतकर्ता पहुंचा। पीएम किसान निधि से संबंधित समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया। यहां अधिकारी दिनभर धूप सेंकते रहे। लेकिन अन्य कोई फरियादी नहीं पहुंचा। जिसके बाद तहसील दिवस की औपचारिकता पूरी कर मौके पर पहुंचे अधिकारी अपने-अपने गंतव्यों को चले गए।

# पछुवादून क्षेत्र में संचार सेवा ठप रहने से दिनभर परेशान रहे उपभोक्ता

विकासनगर। पछुवादून क्षेत्र में मंगलवार को निजी कंपनियों की संचार सेवा पूरी तरह से ठप रही। जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। निजी कंपनियों से सबंधित उपभोक्ता दिनभर एक दूसरे संपर्क नहीं कर पाये। संचार सेवा न होने के कारण लोग देश दुनियां से अलग थलग पड़े रहे। बीएसएनएल की संचार सेवा खराब रहने के कारण अधिकांश उपभोक्ता निजी कंपनियों की संचार सेवा से जुड़े हैं। लेकिन मंगलवार को प्रमुख चार निजी कंपनियों की संचार व्यवस्था पूरी तरह से ठप रहे। दिनभर लोगों के फोन बंद रहे। इससे लोग अपनों से बातचीत नहीं कर पाये। यही नहीं व्यापारियों से लेकर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विभागों में कामकाजी लोगों के फोन बंद रहने से काम प्रभावित रहा।

## संपादकीय

# मंत्रिमंडल के पालने से

राष्ट्रीय परिधान से कहीं भिन्न हैं हिमाचल में सत्ता के वादों के रंग और यही दस्तूर सरकार के आईने में उजली छवि के दस्तावेज बन जाते हैं। इन्हीं दस्तावेजों की पालकी सजाए पुनः मंत्रिमंडल की बैठक ने रुकी हुई सरकारी नौकरियों की धडक़न तेज कर दी है। पुलिस भर्ती के माध्यम से 1226 कांस्टेबलों को नियमित वेतन की वर्दी पहनाने के अलावा यह भी सुनिश्चित हो रहा है कि आइंदा तीस प्रतिशत ऐसे पद महिलाओं के बीच आबंटित होंगे। नारी चरित्र में कानून के पहरों का सामाजिक व मनोवैज्ञानिक प्रभाव देखते हुए यह फैसला घर-परिवार में बेटियों के अस्तित्व व स्वाभिमान को ऊंचा कर रहा है। यह स्वाभाविक क्षमता है जिसके तहत हिमाचली बेटियां कल तक पुरुष क्षेत्र के लिए समझे गए दायित्व में अपनी श्रेष्ठता की नई कहानी लिख रही हैं। व्हिसल से गूंजती ट्रैफिक व्यवस्था या कानून-व्यवस्था की पगडंडियों से निकल कर उच्च पदों तक पहुंची महिला पुलिस अधिकारी साबित कर चुकी हैं कि वह उन्नीस नहीं, इक्कीस ही हैं। हिमाचल राज्य न केवल बेटियों का अभिभावक बनकर सामने आ रहा है, बल्कि अनाथ बच्चों के लिए भी मार्गदर्शक बना है। यह पहला राज्य है जहां हर अनाथ बच्चा 27 साल की उम्र तक चार हजार रुपए प्रति माह प्राप्त करेगा, जबकि विवाह अनुदान के तौर पर दो लाख रुपए की राशि भी निर्धारित हुई है। जाहिर है कोई बड़े दिलवाला राज्य ही ऐसा संभव कर सकता है और यह फिर साबित हो रहा है कि कल्याणकारी प्रदेश के रूप में हिमाचल का कोई सानी नहीं, क्योंकि हर अनाथ को पूरे साल में 48 हजार रुपए मिलने से कई पालने मजबूत हो जाएंगे। हिमाचल मंत्रिमंडल के कई अन्य फैसले बड़े संकेतों को परिभाषित करने की मंशा प्रकट कर रहे हैं। विद्युत राज्य के रूप में प्रदेश पुनः प्रयासरत है कि हाइड्रो एनर्जी से आर्थिकी की वकालत हो और इसी नजरिए से ऊर्जा नीति को सशक्त व धारदार बनाया जा रहा है। विद्युत प्रोजेक्टों में राज्य की हिस्सेदारी अब उत्पादन के वर्षों से तय होगी यानी बारह वर्षों तक बीस फीसदी रॉयल्टी, जबकि 18 साल की सीमा में तीस प्रतिशत तथा अगले दस साल चालीस फीसदी रॉयल्टी प्रदेश लेगा। इस तरह चालीस साल तक हर निवेशक को विद्युत उत्पादन के जरिए हिमाचल के खजाने को अलग-अलग दर में सींचना होगा। इस तरह यह बहस फिर से जीवित हो रही है कि प्रदेश में पंजाब पुनर्गठन के बावजूद पानी और बिजली के समझौते क्यों अन्याय के दंश लिए यहां छाती पर मूंग दल रहे हैं। अगर नई ऊर्जा नीति के आलोक में हिमाचल के अधिकार सफल हो जाएं तो बीबीएमबी व शानन परियोजना की मिलकीयत के फैसले हिमाचल का आर्थिक संबल बनेंगे। मंत्रिमंडल में हमीरपुर का प्रकाश पुनः स्थापित हो रहा है और इस बार ऐलान यह कि राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का एक मुख्य अभियंता यहां से आपरेशन की जिम्मेदारी संभालेगा। यानी प्रदेश के जोनल कार्यालयों की संगत में हमीरपुर के नाम एक और प्रशासनिक उपलब्धि की जा रही है। इसी के साथ कांगड़ा में सपनों का संसार वनखंडी के चिडियाघर में उतरने को तैयार है। कुल 629 करोड़ की लागत से इस चिडियाघर के शृंगार से पर्यटन की आबोहवा पूरी तरह बदल सकती है। यह क्षेत्र पौंग बांध वेटलैंड की आकाशीय दूरी को नजदीक लाता है और इस तरह प्रवासी पक्षियों के कलरव को सुनने के लिए एक नया व विस्तृत पैकेज तैयार हो सकता है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## सहकारिता की आय बढ़ाने को चर्चा की

विकासनगर। जय श्री किसान स्वायत्त सहकारिता रुद्रपुर लांघा तोली विकासनगर की मासिक बैठक में राजमा, तोर, उड़द, हल्दी आदि पैकिंग कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही सहकारिता की आय बढ़ाने को लेकर वेबसाइट तैयार किए जाने की औपचारिकता पूरी की गई। बैठक में मोटे अनाज के साथ ही किसानों से तोडिया, सरसों खरीद कर तेल पिरवाकर शुद्ध तेल उपलब्ध कराने, मिल्क बूथ तथा दुग्ध उत्पाद दही, घी, मावा, पनीर, मठ्ठा आदि तैयार कर विक्रय को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सहकारिता के वार्षिक अधिवेशन की तिथि 25 दिसंबर तय की गई। बैठक सहकारिता अध्यक्ष रामपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता और सचिव नरेश चन्द्र नौटियाल के संचालन में संपन्न हुई। मौके पर बोर्ड डायरेक्टर गुमान सिंह तोमर, वेदपाल पुंडीर, आनन्द सिंह चंदेल, जनक सिंह, घनश्याम सिंह, रक्षा देवी, रेखा नौटियाल, अनिता देवी, राजेन्द्र सिंह, कार्यालय सहायक विकास नेगी मौजूद रहे।

## सुष्मिता के एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग

देहरादून। देहरादून में डीएवी कालेज की दीवार टूटने से जौनसार बावर के कोटा गांव की युवती की मौत के मामले में परिजनों ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परिजनों ने परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी विभाग में नौकरी देने की मांग की है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत को ज्ञापन सौंपने पहुंचे परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी सुष्मिता का चयन कनिष्ठ सहायक के पद पर राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय पुरोला में हुआ था। बताया कि उनका परिवार काफी गरीब है। किसी तहर से बड़ी बेटी को पढ़ा- लिखाकर इस मुकाम पर पहुंचाकर सोचा था कि अब परिवार का सारी जिम्मेदार उठायेगी। लेकिन डीएवी कालेज की दीवार ने उनकी बेटी की जीवन लीला को लील लिया। जिससे उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ फिर से टूट पड़ा। परिजनों ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से अपील करते हुए कहा कि उनकी बेटी की जगह परिवार के एक सदस्य को शिक्षा विभाग में नौकरी दी जाए, जिससे परिवार का खर्च उठ सके। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने निदेशक उच्च शिक्षा को आदेश दिया है कि शीघ्र प्रस्ताव बनाकर उन्हें भेजा जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में शूरवीर सिंह, रघुवीर सिंह तोमर, रॉबिन तोमर, खुशीराम चौहान, अरुण तोमर व संजय आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों की समस्याओं पर कल मौन उपवास करेंगे हरीश रावत

हरिद्वार। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत गुरुवार को देहरादून के गांधी पार्क में मौन उपवास करेंगे। हरिद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राव आफाक अली ने कहा कि 1100 रुपये की सहायता राशि प्रदान कर आपदा ग्रस्त किसानों का अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में सीएम हरीश रावत ने 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की थी। राव आफाक ने कहा कि 1100 रुपये की धनराशि भी सभी किसानों को नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि सीएम हरीश रावत चोटिल होने के बावजूद किसानों के हित में मौन उपवास करेंगे। राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. संतोष चौहान ने कहा कि हरीश रावत किसानों के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। उत्तराखंड सरकार को जगाने एवं किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए घायलावस्था में भी मौन उपवास के लिए तैयार हैं। पूर्व दर्जाधारी किरणपाल वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार को जनता की चिंता नहीं है। प्रदेश का विकास कांग्रेस सरकार के शासन में हुआ है। इस मौके पर अमन कुमार, आबाद अल्वी, राजेश चौहान, राजू सहित अन्य मौजूद रहे।

### हरकी पैड़ी क्षेत्र में शुरू हुई मोबाइल चौकी

हरिद्वार। हरकी पैड़ी क्षेत्र में आमजन की सुविधा के लिए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने नई पहल की है। गंगा घाट क्षेत्र में असहाय लोगों की मदद, अतिक्रमण हटाने आदि कार्यों के लिए मोबाइल चौकी की शुरुआत की गई है। जिसके तहत पुलिस चौकी की पूरी टीम अलग-अलग जगहों पर जाकर अपने दायित्व को अंजाम देगी। इस पहल की आमजन ने सराहना की है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि धर्मनगरी में आए दिन होने वाले बड़े स्नान पर्वों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती है। हरकी पैड़ी क्षेत्र संवेदनशील बना रहता है। इसको देखते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में मोबाइल चौकी की शुरुआत की गई है। एसएसपी ने बताया कि हरकी पैड़ी क्षेत्र में इस व्यवस्था को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लिया जा रहा है। सफल होने पर जनपद के अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी इस प्रकार की चौकियां स्थापित की जाएंगी। बताया कि मोबाइल पुलिस चौकी का इस्तेमाल घायलों को घाट क्षेत्र से अस्पताल पहुंचाने, वृद्ध व असहाय व्यक्तियों को घाटों तक पहुंचाना, घाटों से अन्य सुरक्षित स्थानों में पहुंचाना, भिक्षुकों को हटाकर अन्य गंतव्य स्थान पर पहुंचाने के लिए, अतिक्रमण हटाने में, लावारिस वस्तुओं, वाहनों को थाने तक पहुंचाने में, संकरे मार्ग में गश्त, ऐसे व्यक्ति जो चौकी जाकर अपना मामला दर्ज नहीं कर पाते, बुजुर्ग हैं या एकल जीवन यापन कर रहे हैं, उन तक पहुंचकर उनकी सहायता करना। मेला-स्नान पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं के साथ होने वाली टप्पेबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में और स्नान पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में इस्तेमाल किया जाएगा।

### गुरुकुल विवि में तीन दिवसीय वेद विज्ञान और संस्कृति महाकुंभ 23 से

हरिद्वार। स्वामी दयानंद की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर से गुरुकुल कांगड़ी विवि में तीन दिवसीय वेद विज्ञान और संस्कृति महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस अकादमिक आयोजन में देश-विदेश के विद्वान प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रभात ने बताया कि 23 दिसंबर को स्वामी श्रद्धानन्द के बलिदान दिवस पर वेद विज्ञान और संस्कृति महाकुंभ का शुभारंभ होगा। संयोजक प्रो. प्रभात कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में पहली बार वैश्विक स्तर पर वेद विज्ञान और संस्कृति को केंद्र में रखकार वृहद आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैदिक विद्वान, वैज्ञानिक, शोध अध्येता प्रतिभाग करेंगे और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर अकादमिक विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक की भूमिका में रहेंगे। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय में इस वैश्विक महाकुंभ आयोजन किया जाएगा। जिसमें आर्य जगत के विद्वान और आर्य संन्यासी भी सम्मलित होंगे। उन्होंने बताया कि त्रिदिवसीय इस आयोजन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, योगगुरु स्वामी रामदेव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। वेद विज्ञान और संस्कृति महाकुंभ में देश की नई शिक्षा नीति और वैदिक शिक्षा दर्शन के विभिन्न आयामों पर चर्चा की जाएगी। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम और अकादमिक कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

### संत को आत्महत्या के लिए उकसाने में हरियाणा के व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में एक संत की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक संत के भाई ने इस संबंध में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना कनखल में मुकदमा दर्ज कराते हुए अनूप कुमार निवासी ग्राम लांधड़ी जिला हिसार हरियाणा ने बताया कि उसके बड़े भाई नवदीप ने संन्यास ले लिया था, जिसके बाद उसकी पहचान नर सिंह शिष्य शिवदास के रूप में होती थी। बताया कि उसका भाई करीब चार माह से ऋषिकेश की विश्नोई धर्मशाला में रहकर संगीत की शिक्षा ले रहा था। बताया कि 24 नवंबर की रात उसका भाई ऋषिकेश से यहां आ पहुंचा, जिसके बाद उसने कनखल क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लेटकर आत्महत्या कर ली। भाई के पास से मिले सुसाइड नोट में उसने भूपी स्वामी (भूपेन्द्र) निवासी ग्राम नंगथला थाना अग्रोहा (हिसार) पर उत्पीडन का आरोप लगाते हुए उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार ठहराया था। बताया कि उसके भाई ने अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड उसे भेजा था। प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा ने बताया कि इस संबंध में संत के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विद्यार्थी जीवन भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर: पण्ड्या

हरिद्वार। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या और शैलदीदी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य को संवारने का सुनहरा अवसर है। इस समय अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ उत्सव, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपने कौशल, हुनर, ज्ञान को परिमार्जित करना चाहिए। यह बातें उन्होंने अपने संदेश में कही। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस उत्सव में हरिद्वार, देहरादून, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी सहित उत्तराखण्ड के सभी तेरह जिलों के 248 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। गायत्री विद्यापीठ की व्यवस्था मंडल प्रमुख शेफाली पण्ड्या ने भी कला उत्सव की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए : महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 दिसंबरः भारतीय जनता पार्टी महानगर किसान मोर्चा द्वारा कबड्डी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महानगर के सम्मानित अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कबड्डी मैच का शुभारंभ किया खेल प्रारंभ होने से पूर्व प्रतिभागी टीमों से परिचय करते हुए अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए कबड्डी एक ऐसा खेल है जिससे शारीरिक ऊर्जा का भरपूर संचार होता है ।

इस कार्यक्रम में महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा विजेंद्र थपलियाल महानगर किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप दुग्गल कैप्टन भोपाल चंद जितेंद्र सिंह रावत मनोज कांबोज पंकज जोशी रतन जवाई अभिषेक गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कबड्डी का मैच प्रारंभ हुआ।



## क्वांसी स्थित मिनी स्टेडियम में पांच दिवसीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ

विकासनगर। ब्लॉक के क्वांसी स्थित मिनी स्टेडियम में पांच दिवसीय खेल महाकुंभ का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन कबड्डी के मुकाबलों में खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाया। महाकुंभ का उद्घाटन करते हुए ज्येष्ठ प्रमुख विजयपाल सिंह ने खिलाडियों से खेल भावना का प्रदर्शन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेलने से बच्चों का शारीरक व मानसिक विकास भी होता है। अंडर-14 में न्याय पंचायत रंगेऊ विजेता, दसऊ द्वितीय, बृनाड़ बास्तील तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 में न्याय पंचायत रंगेऊ प्रथम, न्याय पंचायत कंडोई बोन्दूर द्वितीय, न्याय पंचायत बृनाड बास्तिल तीसरे स्थान पर रहा। खो खो अंडर-14 में बेगी प्रथम, रंगेऊ द्वितीय, न्याय पंचायत बृनाड बास्तिल तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जितेंद्र, विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष क्वांसी सूर्यपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली से रोडवेज बस की टक्कर, ड्राइवर कंडक्टर घायल

रुडक़ी। मंगलवार सुबह के वक्त ढंडेरा-लक्सर रोड पर रोडवेज बस की ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में बस का ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया है। ट्रैक्टर चालक घटना के वक्त वहां से फरार हो गया था। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के कीर्ति नगर ढंडेरा-लक्सर रोड से एक बस यात्रियों को लेकर सुबह करीब पांच बजे के आसपास गुजर रही थी। इस बीच ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली से रोडवेज बस की टक्कर हो गई। दुर्घटना के दौरान यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि गनीमत रही कि यात्री सकुशल रहे। इस दुर्घटना में रोडवेज का ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए। जबकि ट्रैक्टर ट्राली का चालक दुर्घटना के वक्त शोर शराबा होने पर खुद को लोगों से घिरता देख वहां से फरार हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लिया है। प्राथमिक उपचार के लिए रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर को सिविल अस्पताल ले जाया गया। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि संभवत है कि सुबह के वक्त विजिबिलिटी कम होने के कारण हादसा हुआ हो। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

### पति ने किया शादी में जानें से माना, छत से कूदी पत्नी

रुडक़ी। मामूली बात को लेकर पति पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने छत से छलांग लगा दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई। कस्बा निवासी पति-पत्नी में शादी समारोह में जाने की बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। पत्नी शादी समारोह में जाने की जिद्द कर रही थी। लेकिन पति ने अन्य जरुरी काम होने की वजह से शादी में जाने से इंकार कर दिया। इससे नाराज पत्नी ने मकान की छत से छलांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई।

## गबेला से आरा गांव पहुंची कुकुर्सी महाराज की देव पालकी

विकासनगर। जनजातीय क्षेत्र जौनसार के गबेला गांव से कुकुर्सी महाराज की देव पालकी एक दिन के प्रवास के लिए मंगलवार को आरा गांव पहुंची।

गांव के सुख शांति के लिए मांगी मन्नत पूर्ण होने पर आरा के ग्रामीणों ने महाराज की देव पालकी को अपने गांव आने को आमंत्रित किया था। अपने कुल देवता कुकुर्सी महाराज के प्रति अपार आस्था रखने वाली आरा गांव की ध्यांटूडियों ने महाराज को चांदी से बना डोरिया भेंट किया।

कुकुर्सी महाराज की देव पालकी को अपने गांव ले जाने के लिए आरा के ग्रामीण सोमवार शाम को कुकुर्सी महाराज मंदिर गबेला पहुंचे, जहां मंदिर समिति के पुजारी मोती राम जोशी, बजीर कुंदन शर्मा आदि ग्रामीणों का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर आरा के ग्रामीणों ने सबसे पहले महाराज के दर्शन किए। मंगलवार सुबह शुभ मुहूर्त पर महाराज की देव पालकी को मंदिर के गर्भ गृह से बाहर निकालकर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर प्रांगण में रखा गया।

दोपहर बाद तीन बजे कुकुर्सी महाराज की देव पालकी ने आरा गांव के लिए प्रस्थान किया। आरा पहुंचने पर गांव की महिलाओं ने धूप देकर देव पालकी की पूजा-अर्चना की। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवता के दर्शन किए और सुख शांति की कामना की। देर रात तक ग्रामीणों ने पंचायती आगन में पारंपरिक नृत्य किया। इस दौरान देवमाली किशन शर्मा, भंडारी टीकाराम राय, ठाणी टीकम सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ओवर लोडिंग में पांच वाहन सीज, पंद्रह का चालान

विकासनगर। प्रवर्तन विभाग की टीम ने विकासनगर-जुड्डो मार्ग पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने खनन सामग्री से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां सहित पांच वाहनों को सीज किया है। जबकि पंद्रह वाहनों का चालान काटा है। अभियान के दौरान परवर्तन विभाग की टीम ने जांच में पाया कि खनन से भरी दो ट्रैक्टरों ट्रालियों का रजिस्ट्रेशन नहीं था। यही नहीं ट्रैक्टर ट्रालियों में खनन सामग्री की ओवर लोडिंग पायी गयी। निर्धारित रवन्ने की खनन सामग्री से तीन गुना अधिक सामग्री पायी गयी। जिस पर टीम ने दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज कर दिया। इसके अलावा तीन अन्य वाहनों में दो लोडर वाहन व एक डिलीवरी वैन को भी सीज किया गया। पंद्रह वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इन वाहनों का टैक्स जमा न होना, डीएल न होना, फिटनेस प्रमाण पत्र न होने सहित तमाम खामियां पायी गयी। जिस पर परिवहन विभाग की टीम ने वाहनों पर भारी भरकम अर्थदंड लगाकर दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। एआरटीओ आरएस कटारिया ने बताया कि यातयात नियमों का उल्लंघन करने व ओवर लोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### शंकरपुर के संजय को आंबेडकर नेशनल अवार्ड से नवाजा जाएगा

विकासनगर। विकासखंड सहसपुर-शंकरपुर निवासी समाजसेवी संजय कुमार को भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 39वें राष्ट्रीय सम्मेलन में 10 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. बीआर आंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। दलित साहित्य अकादमी उत्तराखंड प्रदेश के अध्यक्ष प्रो. जयपाल सिंह ने बताया कि संजय कुमार बीते दो दशक से पिछड़े समाज के उत्थान के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करते रहे हैं। उन्होंने विभिन्न जागरूकता अभियानों, विभिन्न संगठनों, विभिन्न पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उत्तराखंड प्रदेश की ओर से फेलोशिप के लिए उनका नाम राष्ट्रीय स्तर पर भेजा गया था, जिसमें उनका चयन हुआ है। पुरस्कार के लिए चयनित होने पर क्षेत्र के मंगतराम कटारिया, राजेश कुमार, होशियार सिंह मेहता, कालूराम मेहता, बृजेंद्र कुमार, मधु रानी, प्रतिभा, प्रमोद कुमार, जितेंद्र सिंह बुटोइया, दर्शन लाल, मानसिंह, महेंद्र सिंह मेघराज सिंह, किरण पाल आदि ने खुशी जाहिर करते हुए पछुवादून के पूरे दलित समाज का सम्मान करार दिया।

### पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

विकासनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से संचालित हो रहे जन औषधि केंद्र को अब प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में तब्दील कर दिया गया है। मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वंदना सेमवाल ने सहसपुर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र का उद्घाटन किया।